# महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना राज्य स्तरीय प्रकोष्ठ,

**21 विधान सभा मार्ग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001**

**ई-मेल: upregs@gmail.com**

**पत्रांक:..2194.. मनरेगा-सेल/प०सं०-239/2025** **दिनांक: ..26..अगस्त, 2025**

**विज्ञप्ति**

**लोकपाल अपीलीय अथॉरिटी सदस्यों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (मनरेगा) के अंतर्गत लोकपाल द्वारा पारित अवार्ड्स के विरुद्ध अपीलों की सुनवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, ग्रामीण विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार के पत्रांक M-11015/112-RE-III (380157), दिनांक 20.03.2023 के प्रस्तर 13.4 में तीन सदस्यीय अपीलीय प्राधिकरण के गठन का प्रावधान किया गया है। इस प्राधिकरण का उद्देश्य मनरेगा योजना से संबंधित शिकायतों एवं अपीलों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निपटारा करना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार गारंटी योजना की प्रभावशीलता बढ़े तथा लाभार्थियों के अधिकारों की रक्षा हो।

तदनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य में अपीलीय प्राधिकरण के गठन हेतु निम्नलिखित श्रेणियों में सदस्यों की नियुक्ति के लिए पात्र एवं योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:

1. **शिक्षाविद् (An Academician)** - 1 पद
2. **सेवानिवृत्त सिविल सर्वेंट (A Retired Civil Servant)** - 1 पद

**1. सदस्यों के लिए आवश्यक योग्यताएं एवं पात्रता मानदंड (विस्तृत विवरण):**

अपीलीय प्राधिकरण के सदस्यों की नियुक्ति हेतु निम्नलिखित योग्यताएं अनिवार्य हैं। इनका कड़ाई से पालन किया जाएगा ताकि प्राधिकरण की निष्पक्षता एवं दक्षता बनी रहे:

(a) **शिक्षाविद् श्रेणी के लिए:**

- न्यूनतम 30 वर्ष निरंतर अध्यापन/शिक्षण क्षेत्र में कार्य अनुभव।

(b) **सेवानिवृत्त सिविल सर्वेंट श्रेणी के लिए:**

- न्यूनतम 30 वर्ष निरंतर प्रशासनिक/सिविल सेवा अनुभव (राज्य/केंद्र सरकार में)।

(c) **सामान्य योग्यताएं (दोनों श्रेणियों के लिए लागू):**

- अभ्यर्थी प्रतिष्ठित एवं ईमानदार हो, जिसका प्रमाण-पत्र/संदर्भ पत्र संलग्न हो।
- किसी राजनीतिक पार्टी अथवा प्रतिबंधित संगठन का सदस्य न हो।
- कोई आपराधिक मामला लंबित/दंडित न हो।
- शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं सक्षम हो, ताकि उत्तर प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण/भ्रमण कर सकें।
- नियुक्ति के समय आयु 66 वर्ष से अधिक न हो। आयु की गणना दिनांक 01.08.2025 से की जाएगी।

**2. पद की अवधि, विस्तार एवं शर्तें:**

- प्रारंभिक नियुक्ति 02 वर्ष की होगी।

- कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के आधार पर दो बार 01-01 वर्ष तक विस्तार संभव, किंतु अधिकतम आयु 68 वर्ष तक ही।
- इस पद पर पुनर्नियुक्ति नहीं होगी।
- कार्य पूर्णतः अंशकालिक एवं प्रो-बोनो (निःस्वार्थ लोक सेवा) प्रकृति का होगा। यह कोई स्थायी पद सृजन नहीं है।
- प्राधिकरण की अध्यक्षा वरिष्ठ सदस्य द्वारा की जाएगी।
- सदस्यों को बैठक शुल्क के रूप में रु. 2,500/- प्रति दिन (अधिकतम रु. 50,000/- प्रति माह) देय होगा।
- मनरेगा लोकपाल के रूप में कम से कम 01 वर्ष पूर्ण कार्य अनुभव वाले अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

**3. आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज (विस्तृत निर्देश):**

- आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे (नीचे संलग्न प्रारूप देखें)।
- सभी शैक्षिक योग्यता, अनुभव, एवं अन्य प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें।
- आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य:
    1. हाई स्कूल प्रमाण-पत्र (आयु सत्यापन हेतु)।
    2. शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र (मार्कशीट/डिग्री)।
    3. अनुभव प्रमाण-पत्र (नियोक्ता से जारी)।
    4. नोटरी से सत्यापित शपथ-पत्र (राजनीतिक/प्रतिबंधित संगठन से असंबद्धता एवं आपराधिक मामलों की अनुपस्थिति हेतु)।
    5. आधार कार्ड/पासपोर्ट साइज फोटो (नवीनतम रंगीन)।
    6. कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज (जैसे प्रकाशित शोध पत्र, पुरस्कार आदि)।
- आवेदन लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण - [श्रेणी का नाम: शिक्षाविद्/सेवानिवृत्त सिविल सर्वेंट]" अंकित करें।
- आवेदन केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 17-09-...2025 तक कार्यालय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना राज्य स्तरीय प्रकोष्ठ, 21 विधान सभा मार्ग, लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश में पहुंचना चाहिए।
- अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
- अपूर्ण/झूठी जानकारी वाले आवेदन अस्वीकार किए जाएंगे।

**रोज़गार गारंटी आयुक्त/आयुक्त, ग्राम्य विकास,**
**उत्तर प्रदेश।**

# मनरेगा लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण के सदस्य हेतु आवेदन-पत्र

**(भाग अ - व्यक्तिगत सूचना)**

(जिस श्रेणी हेतु आवेदन किया जा रहा है, उस पर चिह्न लगाएं: शिक्षाविद् / सेवानिवृत्त सिविल सर्वेंट)

| |
|---|
| पासपोर्ट साइज का नवीनतम रंगीन फोटो |
| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर |

1) आवेदित पद का नाम: मनरेगा लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण (सदस्य)
2) आवेदक का पूर्ण नाम (हिंदी में): ________________________________
3) आवेदक का पूर्ण नाम (अंग्रेजी में): ________________________________
4) पिता/पति का नाम: ________________________________
5) पत्राचार का पूर्ण पता (पिन कोड सहित): ________________________________
6) स्थायी पता (यदि पत्राचार से भिन्न): ________________________________
7) मोबाइल नंबर: ________________________________
8) वैकल्पित मोबाइल नंबर (यदि उपलब्ध): ________________________________
9) ई-मेल आईडी ________________________________
10) आधार कार्ड नंबर: ________________________________
11) जन्म तिथि (DD/MM/YYYY): __________________________ (हाई स्कूल प्रमाण-पत्र संलग्न करें)।
    a) वर्तमान आयु (01.08.2025 के अनुसार): _____ वर्ष _____ माह
12) क्या किसी राजनीतिक पार्टी या प्रतिबंधित संगठन के सदस्य हैं? (हां/नहीं): _____
    a) यदि नहीं, तो नोटरी से सत्यापित शपथ-पत्र संलग्न करें।
13) क्या कभी आपराधिक मामले में दंडित/आरोपित हुए हैं? (हां/नहीं): __________
    a) यदि हां, तो विस्तृत विवरण दें
        i) मामला संख्या________________________________
        ii) अदालत________________________________
        iii) परिणाम________________________________
    b) यदि नहीं, तो नोटरी से सत्यापित शपथ-पत्र मूल रूप में संलग्न करें।

**नोट**- उपरोक्त 12. एवं 13. बिन्दुओं में "नहीं" की दशा में संयुक्त विषय के सम्बन्ध में नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र मूल रूप में संलग्न करें

14) मनरेगा लोकपाल के पद पर न्यूनतम 01 वर्ष कार्य अनुभव (हां/नहीं): _________
    a) यदि हां, तो विस्तृत विवरण
        i) जनपद का नाम____________________
        ii) अवधि____________________________
        iii) उपलब्धियां (प्राप्त शिकायत तथा निस्तारण)_________________

**(भाग ब - शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी विस्तृत सूचना)**

15. अंतिम शैक्षिक योग्यता (स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें)।
    - डिग्री/डिप्लोमा: ____________________________
    - संस्थान: ___________________________________
    - वर्ष: __________________

16. अनुभव का विस्तृत विवरण (न्यूनतम 30 वर्ष):

| क्र.सं | अनुभव का क्षेत्र | कार्य का विस्तृत विवरण | वर्षवार कार्य अवधि (से...तक) | कुल वर्ष | प्रमाण-पत्र संलग्न (हां/नहीं) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिक्षा/अनुसंधान | | | | |
| 2 | प्रशासन | | | | |
| 3 | अन्य | | | | |

नोट :- (उपरोक्त विवरण निर्धारित प्रारूप पर सादे पन्ने पर स्व प्रमाणित कर प्रस्तुत करें |)

17. धारित अंतिम पद का विवरण: ______________________________
    - बेसिक सैलरी: ____________________________________
    - कुल वेतन (सेवानिवृत्ति तिथि को): __________________
    - सेवानिवृत्ति तिथि: __________________________________

**(भाग स - घोषणा एवं संलग्नक)**

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त समस्त सूचनाएं सत्य है. मैंने विज्ञापन एवं भारत सरकार द्वारा जारी लोकपाल अपीलेट अथॉरिटी संबंधी दिशा निर्देशों का अध्ययन कर लिया है और मुझे पता है कि लोकपाल अपीलेट अथॉरिटी का कार्य एक अंशकालीन कार्य है लोकपाल अपीलेट अथॉरिटी को महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम-2005, नियमों व योजना के संबंध में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों पर कार्य करना है।

स्थान: ______________________________

दिनांक: ____________________________

**संलग्नकों का विस्तृत विवरण:**

1. ____________________________________________________________
2. ____________________________________________________________
3. ____________________________________________________________
4. ____________________________________________________________

(और जारी रखें यदि अधिक हों)

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर:** ______________________________

**अभ्यर्थी का नाम:** ______________________________